# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–29.04.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- **चुनाव प्रचार में सभी राजनीतिक पार्टियों ने लगाया जोर, मुख्यमंत्री ने गिरिडीह में जेएमएम प्रत्याशी कल्पना सोरेन के लिए की जनसभा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सरायकेला में गीता कोड़ा के लिए मांगे वोट।**
- **झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के इकतालीस विजेताओं को किया गया पुरस्कृत, राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा– राज्य में बेहतर रहेगा मतदान का प्रतिशत।**
- **जैक की इंटर परीक्षा का कल जारी होगा रिजल्ट, दिन के 11 बजे से जैक की वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकेंगे विद्यार्थी।**
- **राज्यभर में गर्मी और हीट वेव को देखते हुए केजी से आठवीं तक की कक्षाएं स्थगित, स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सकों से सलाह के लिए जारी किया टोल फ्री नंबर– एक शून्य चार।**
- **राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग की कल रांची में होगी शुरूआत, झारखंड और मिजोरम के बीच होगा उद्घाटन मैच।**

''''''''''''''''''''''

लोकसभा चुनाव और गांडेय उपचुनाव को लेकर झारखंड में राजनीतिक पार्टियों ने जोर लगाना शुरू कर दिया है। एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रचारकों ने आज अलग–अलग जनसभा कर अपने–अपने पक्ष में मतदान की अपील की।

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की सभी 14 सीटो पर महागठबंधन प्रत्याशी की जीत होगी। वहीं झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने नामांकन के बाद गिरिडीह के पपरवाटांड़ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गांडेय की जनता का अपार प्रेम मिल रहा है। वहीं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कोडरमा के महागठबंधन प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह समेत अन्य नेताओं ने कल्पना सोरेन के पक्ष में मतदान की अपील की।

……………………

सरायकेला खरसावां जिले के राजनगर में आज भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के समर्थन में चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर निशाना साधते हुए गीता कोड़ा के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय होने के बावजूद मुख्यमंत्री का गृह जिला आज भी विकास से कोसों दूर है। वहीं श्रीमरांडी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी से सिंहभूम में भी कमल खिलेगा।

……………………

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद आज धनबाद में 18 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि पहले दिन सामान्य वर्ग के 14, अनुसूचित जाति के 3 तथा अनुसूचित जनजाति के लिए एक व्यक्ति ने नामांकन पत्र खरीदा है।

……………………

चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन के दूसरे दिन आज सीपीआई के अर्जुन कुमार ने एक सेट में जबकि जेबीकेएसएस समर्थित स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे दीपक कुमार गुप्ता ने दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप ने बताया कि अब तक चार उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है, जबकि 23 उम्मीदवारों ने पर्चा खरीदा है।

……………………

कोडरमा संसदीय क्षेत्र से अकीलेश्वर साव ने आज पर्चा दाखिल किया है। गिरिडीह के उपायुक्त सह कोडरमा के निर्वाची पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष श्रीसाव ने लोक हित पार्टी के उम्मीदवार के रूप में पर्चा दाखिल किया है।

……………………

धनबाद की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि जिले में निष्पक्ष चुनाव को लेकर 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम, 21 फ्लाइंग स्क्वायड और 21 वीडियो सर्विलांस टीम काम कर रही है। 2 एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर भी धनबाद आ चुके हैं।

……………………

लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद जिले में 12 इंटर स्टेट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। जिले के एसएसपी ह्रदीप पी जनार्दनन ने बताया कि इसके साथ ही जामताड़ा, गिरिडीह और बोकारो जिले की सीमा पर पांच चेक पोस्ट बनाए गए हैं। अब तक 75 लाख 48 हजार 850 रुपए की अवैध शराब, गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ पकड़े गये हैं, जबकि एक करोड़ 18 लाख रुपये से अधिक का अवैध सामान पकड़ा गया है।

''''''''''''''''''''''''''''

झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के इकतालीस विजेताओं को आज रांची के निर्वाचन सदन स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। इसमें शार्ट फिल्म कैटेगरी में रंजीत कुमार को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नगद के साथ शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं म्यूजिक वीडियो कैटेगरी में सोलोमोन दास को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नगद, जबकि रील्स कैटेगरी में प्रथम अजय कुमार को 10 हजार रुपये, पोस्टर कैटेगरी में प्रथम सूरज कुमार को 15 हजार रुपये नगद के साथ शील्ड और प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। ये सभी चार कैटेगरी अलग–अलग सब कैटेगरी में विभक्त था। इन सभी कैटेगरी के प्रथम, द्वितीय और तृतीय के साथ स्पेशल मेंशन के कुल 41 विजयी प्रतिभागियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों की रचनात्मक्ता से मतदाताओं में जागरूकता आएगी। साथ ही झारखंड का मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा।

''''''''''''''''''''''''''''

गोड्डा जिले के कई स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को जैविक खेती, ऑर्गेनिक आधारित और प्राकृतिक खेती के तौर–तरीके से अवगत कराया जा रहा है। .विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

''''''''''''''''''''''''''''

झारखंड अधिविद्य परिषद– जैक की इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट  कल जारी किया जायेगा। रांची स्थित जैक कार्यालय में कल दिन के ग्यारह बजे इंटर साइंस, कॉमर्स और कला तीनों संकायों का रिजल्ट एक साथ जारी किया जायेगा। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट कल जैक की ऑफिशियल वेबसाइट रंबतमेनसजेण्बवउ या रंबण्रींताींदकण्हवअण्पद पर देख सकेंगे।

''''''''''''''''''''''''''''

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई , वहीं तीन की हालत गंभीर है।
- सरायकेला खरसावां जिले के सरायकेला थाना क्षेत्र में बीती रात एक नाबालिग ने घर में फंदे से झूलकर जान दे दी।
- साहिबगंज के अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने आवश्यक सेवा या मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त मतदाताओं के लिए प्रपत्र 12डी भरकर पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग में जमा कराने का निर्देश दिया है।

''''''''''''''''''''''

राजधानी रांची सहित राज्यभर में गर्मी और हीट वेव को देखते हुए सरकारी और निजी स्कूलों की केजी से आठवीं क्लास तक की कक्षायें अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। इसे लेकर आज स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

वहीं दूसरी ओर लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से परामर्श जारी किया गया है। लू लगने या स्वास्थ्य संबंधित किसी भी जानकारी के लिए 24 घंटे सातों दिन काम करनेवाला टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर एक शून्य चार पर फोन कर स्वास्थ्य समस्या पर डॉक्टर से परामर्श ले सकता है।

''''''''''''''''''''''

रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में कल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का आयोजन किया जाएगा। कल रात साढ़े आठ बजे झारखंड और मिजोरम के बीच उद्घाटन मैच खेला जाएगा। नौ मई तक चलने वाले इस लीग में देशभर के आठ राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी।

**''''''''समाप्त''''''''**